'इनोवेट इंडिया प्लेटफॉर्म' लॉन्च

चर्चा में क्यों?

हाल ही में नीति आयोग, अटल नवाचार मिशन और माईगव ने संयुक्त रूप से 'इनोवेट इंडिया प्लेटफॉर्म' लॉन्च किया, जो अटल नवाचार मिशन और भारत सरकार के नागरिक केंद्रित प्लेटफॉर्म 'माईगव' के बीच गठबंधन है।

प्रमुख बिंदु

- इनोवेट इंडिया माईगव-एआईएम पोर्टल राष्ट्रीय स्तर पर बुनियादी एवं गहन तकनीक वाले अन्वेषकों को ही पंजीकृत करने के लिये अत्यंत आवश्यक नवाचार प्लेटफॉर्म का सृजन करता है।
- ऐसे लोग जो किसी महत्त्वपूर्ण नवाचार की तलाश में हैं, वे अर्थव्यवस्था के फायदे के साथ-साथ राष्ट्रीय सामाजिक ज़रूरतों की पूर्ति के लिये इस पोर्टल से लाभ उठा सकते हैं।

प्लेटफॉर्म की मुख्य विशेषताएँ

- यह प्लेटफॉर्म सभी भारतीय नागरिकों के लिये खुला हुआ है।
- इसके उपयोगकर्त्ता (यूज़र) इनोवेट इंडिया पोर्टल पर एकत्रित नवाचारों को देख सकते हैं, इस पर टिप्पणी एवं इन्हें साझा कर सकते हैं और साथ ही इनकी रेटिंग भी कर सकते हैं।
- उपयोगकर्त्ता लीडरबोर्ड का अवलोकन कर सकते हैं, जिसकी गणना प्रत्येक नवाचार को मिले वोटों के आधार पर की जाती है।
- नागरिक माईगव वेबसाइट पर लॉग-इन करके अपने या किसी संगठन या किसी और के नवाचार को इस प्लेटफॉर्म पर साझा कर सकते हैं।
- इन नवाचारों को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों जैसे कि व्हाट्सएप, फेसबुक और ट्विटर पर भी साझा किया जा सकता है।

नवाचारों को वैश्विक स्तर पर लाने का प्रयास

- भारतीय समाज एक अत्यंत नवाचार उन्मुख है, लेकिन हमारे समक्ष चुनौती नवाचारों के प्रति संरचित अवधारणा अपनाने, उन्हें दर्ज करने और एक ऐसा परितंत्र बनाने की है जिससे उन्हें वैश्विक स्तर पर पहुँचाना संभव हो सके।
- ज़मीनी स्तर से ही नवाचारों की पहचान कर उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान करने की वर्तमान सरकार की पहल का लक्ष्य भारत के नवाचारी स्वरूप को प्रोत्साहित, विस्तारित एवं विकसित करने के लिये एक संरचित परितंत्र का सृजन करना है।
- उपर्युक्त प्लेटफॉर्म को लॉन्च करने के साथ ही भारत के लोग अब अपने अथवा किसी संगठन के नवाचार को इस प्लेटफॉर्म पर अपलोड करने एवं उसकी रेटिंग करने में समर्थ हो जाएंगे।
- देश के नागरिक https://innovate.mygov.in/innovateindia के ज़रिये प्लेटफॉर्म तक पहुँच सकते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/atal-innovation-niti-aayog-and-mygove-launches-innovate-india-platform